# महाराजा सूरजमल बृज विश्वविद्यालय

चक सकीतरा, कुम्हेर, भरतपुर–321201

Ph. & Fax No. 05644-220025, Email- exam@msbrijuniversity.ac.in

Website – www.msbrijuniversity.ac.in


क्रमांक :– मसूबृवि / परीक्षा / 2023 / 3561 दिनांक : 22.09.23

## पूरक परीक्षा 2023 संबंधी विज्ञप्ति

विश्वविद्यालय की **बी.एससी., बी.कॉम. एव बी.सी.ए.** तृतीय वर्ष परीक्षा–2023 के परीक्षा परिणाम में पूरक परीक्षा (Supplementary/PPTO) हेतु योग्य घोषित होने वाले सभी परीक्षार्थियों को सूचित किया जाता है कि पूरक परीक्षा के ऑनलाईन परीक्षा आवेदन–पत्र एवं निर्धारित परीक्षा शुल्क दिनांक 26.09.2023 से 02.10.2023 तक वेबसाईट **www.msbuexam.in** एवं विश्वविद्यालय वेबसाईट **www.msbrijuniversity.ac.in** पर भर सकते है। **परीक्षा फार्म की हार्ड कॉपी महाविद्यालय / विश्वविद्यालय में जमा नहीं करवानी है।**

ऐसे स्वंयपाठी परीक्षार्थी जो प्रायोगिक प्रशिक्षण प्रमाण–पत्र के अभाव में मुख्य परीक्षा में अनुपस्थित होने के कारण पूरक परीक्षा हेतु योग्य घोषित हुऐ हों, वे संबंधित प्रायोगिक विषय की पूरक परीक्षा में सम्मिलित नहीं हो सकेगें। अतः ऐसे परीक्षार्थी परीक्षा शुल्क जमा नहीं करवायें।

(डॉ0 फरबट सिंह)
परीक्षा नियंत्रक

क्रमांक :– मसूबृवि / परीक्षा / 2023 / 3561 दिनांक :– 22.09.23

प्रतिलिपिः निम्न को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्यवाही हेतु प्रेषित है। :

1. समस्त प्राचार्यगण, राजकीय एवं निजी महाविद्यालय, भरतपुर, डीग एवं धौलपुर जिला।
2. निजी सचिव, माननीय कुलपति / कुलसचिव, महाराजा सूरजमल बृज विश्वविद्यालय, भरतपुर।
3. ओ.आई.सी., वेबसाईट को प्रेषित कर लेख है कि विज्ञप्ति को विश्वविद्यालय की वेबसाईट पर अपलोड करें।
4. प्री एण्ड पोस्ट फर्म को आवश्यक कार्यवाही हेतु।
5. जनसम्पर्क अधिकारी, महाराजा सूरजमल बृज विश्वविद्यालय, भरतपुर को प्रेषित कर लेख है कि विज्ञप्ति को विश्वविद्यालय के क्षेत्राधिकार भरतपुर, डीग एवं धौलपुर जिले में प्रकाशित होने वाले मुख्य समाचार पत्रों (राजस्थान पत्रिका, दैनिक भास्कर एवं राष्ट्रदूत) में एक बार प्रकाशित करवांनें एवं समाचार के रूप में भी प्रकाशित करवाने की व्यवस्था करें।
6. छात्र कल्याण अधिष्ठाता (DSW) महाराजा सूरजमल बृज विश्वविद्यालय, भरतपुर।

परीक्षा नियंत्रक

# महाराजा सूरजमल बृज विश्वविद्यालय

चक सकीतरा, कुम्हेर, भरतपुर–321201

Ph. & Fax No. 05644-220025, Email- exam@msbrijuniversity.ac.in

Website – www.msbrijuniversity.ac.in


क्रमांक :– मसूबृवि / परीक्षा / 2023 / 3562 दिनांक : 22.09.23

## स्नातक पूरक परीक्षा 2023 के लिए ऑनलाइन आवेदन–पत्र भरवाने सम्बन्धी दिशा–निर्देश

विश्वविद्यालय की **बी.एससी., बी.कॉम. एवं बी.सी.ए.** तृतीय वर्ष परीक्षा–2023 के परीक्षा परिणाम में पूरक परीक्षा (Supplementary/PPTO) हेतु योग्य घोषित होने वाले सभी परीक्षार्थियों को सूचित किया जाता है कि पूरक परीक्षा के ऑनलाईन परीक्षा आवेदन–पत्र एवं निर्धारित परीक्षा शुल्क दिनांक 26.09.2023 से 02.10.2023 तक विश्वविद्यालय वेबसाईट **www.msbuexam.in** एवं **www.msbrijuniversity.ac.in** पर भर सकते है।

ऐसे स्वंयपाठी परीक्षार्थी जो प्रायोगिक प्रशिक्षण प्रमाण–पत्र के अभाव में मुख्य परीक्षा में अनुपस्थित होने के कारण पूरक परीक्षा हेतु योग्य घोषित हुऐ हों, वे संबंधित प्रायोगिक विषय की पूरक परीक्षा में सम्मिलित नहीं हो सकेगें। अतः ऐसे परीक्षार्थी पूरक परीक्षा आवेदन पत्र नहीं भरे।

परीक्षार्थी परीक्षा शुल्क जमा करवाकर पूर्ण रूपेण भरे हुए परीक्षा आवेदन पत्र की हार्ड कॉपी का प्रिंट अपने पास सुरक्षित रखें। **परीक्षा फार्म की हार्ड कॉपी महाविद्यालय / विश्वविद्यालय में जमा नहीं करवानी है।** प्रायेगिक विषयों की पूरक परीक्षा सैद्धान्तिक परीक्षाओं के समापन के तुरन्त बाद निर्धारित परीक्षा केन्द्रों पर आयोजित होंगी।

1. **ऑनलाईन परीक्षा शुल्क एवं आवेदन–पत्र**

   (क) सर्वप्रथम छात्र वेबसाईट **www.msbuexam.in** पर संबंधित कक्षा की श्रेणी (यथा नियमित / स्वयंपाठी / पूर्व छात्र) का चयन कर मुख्य परीक्षा–2023 के अनुक्रमांक से प्रदर्शित परीक्षा फार्म की जाँच कर लें, यदि आपका विवरण सही है तो ऑनलाईन पेमेन्ट गेटवे द्वारा परीक्षा शुल्क जमा करवाने हेतु ऑनलाईन आवेदन प्रक्रिया में निर्दिष्ट ऑनलाईन पेमेन्ट गेटवे के माध्यम से नेट बैकिंग / डेबिट कार्ड (एटीएम) / क्रेडिट कार्ड आदि के माध्यम से परीक्षा शुल्क जमा करवायें। शुल्क अन्य किसी माध्यम से जमा नहीं होगा तथा भुगतान मोबाईल नेटवर्क की समस्या के कारण पूर्ण नहीं होने पर विश्वविद्यालय की कोई जिम्मेदारी नहीं होगी। एक बार परीक्षा शुल्क जमा करवाने के पश्चात् शुल्क वापिस नहीं होगा। परीक्षा शुल्क जमा होने के बाद परीक्षा फार्म का प्रिंट अपने रिकार्ड के लिए ले सकते हैं।

   (ख) मुख्य परीक्षा में सम्मिलित हुए शारीरिक रूप से विकलांग, नेत्रहीन, मूक बधिर (स्थाई / आंशिक) छात्रों को सिर्फ परीक्षा शुल्क की छूट है। शेष शुल्क विवरण के अनुसार ऑनलाईन जमा करना होगा।

2. **निम्नलिखित श्रेणी के परीक्षाथियों को भी पूरक परीक्षा–2023 में बैठने की अनुमति प्रदान की गयी है:–**

   (क) मुख्य परीक्षा–2023 में जिनके परीक्षा परिणाम RL/RW-EX/RW-EN/UM/ABSENT आदि के कारण देरी से घोषित हुए हैं तथा रोल नं. से ऑनलाईन परीक्षा फार्म उपलब्ध नहीं है। ऐसे परीक्षार्थी परीक्षा अनुभाग में संम्पर्क करें।

   (ख) ऐसे परीक्षार्थी जिनके वर्ष 2022 की मुख्य परीक्षा के परिणाम आर.एल. / यू.एम. अथवा अन्य करणों से देरी से पूरक परीक्षा के योग्य धोषित हुए थे जिसके कारण वे मुख्य परीक्षा–2023 में सम्मिलित नहीं हो सके।

   (ग) जिन परीक्षार्थियों ने वर्ष 2022 की मुख्य परीक्षा में पुनर्मूल्यांकन हेतु आवेदन किया था परन्तु उनका परीक्षा परिणाम देरी से घोषित होकर पूरक परीक्षा के योग्य घोषित हुआ था तथा वे मुख्य परीक्षा–2023 में सम्मिलित नहीं हो सके।

3. स्नातक (अन्तिम वर्ष) के ऐसे परीक्षार्थी जिन्हें मुख्य परीक्षा–2022 में पुनर्मूल्यांकन के फलस्वरूप विश्वविद्यालय अध्यादेश 169–जी–3 के तहत परीक्षा में बैठने की अनुमति देरी से दी गई थी, जिसके कारण वे मुख्य परीक्षा–2023 में सम्मिलित नहीं हो सके थे वे भी पूरक परीक्षा के साथ सम्बन्धित विषय की परीक्षा दे सकेंगें।
4. ऐसे स्वयंपाठी परीक्षार्थी जिन्होंने चयनित प्रायोगिक विषयों का प्रशिक्षण मुख्य परीक्षा के दौरान निर्धारित प्रशिक्षण केन्द्रों से नहीं लिया है तथा वे अनुपस्थित विषय में पूरक परीक्षा हेतु योग्य घोषित हुए हैं, वे प्रायोगिक पूरक परीक्षा में सम्मिलित नहीं होंगे। इनके लिए पुनः प्रशिक्षण शिविर आयोजित नहीं होंगे। अतः ऐसे परीक्षार्थी पूरक परीक्षा हेतु परीक्षा शुल्क जमा नहीं करावें अन्यथा वे स्वयं जिम्मेदार होंगे।
5. पूरक परीक्षा 2023 के लिए विश्वविद्यालय द्वारा निर्धारित परीक्षा शुल्क निम्नानुसार है :–
   - **परीक्षा शुल्क (कला, वाणिज्य, विज्ञान एव बी.सी.ए.) तृतीय वर्ष 390/– रूपये प्रति प्रश्न पत्र। अधिकतम 1540 /– रूपये।**
   - **परीक्षा शुल्क (कला, वाणिज्य, विज्ञान एव बी.सी.ए.) प्रथम एव द्वितीय 390/– रूपये प्रति प्रश्न पत्र।**
   - **तीनों वर्षों का पूरक परीक्षा शुल्क 2495/– रूपये से अधिक नहीं होगा।**
   - **दिव्यांग परीक्षार्थी :– 390/– रूपये एक प्रश्न पत्र। इसके बाद 60 /– रूपये प्रति प्रश्न पत्र।**

नोट :– 1. विश्वविद्यालय द्वारा निर्धारित उक्त परीक्षा शुल्क के अतिरिक्त संबंधित महाविद्यालय द्वारा अन्य कोई शुल्क परीक्षार्थियों से नहीं लिया जावे।
2. परीक्षा संबंधी सूचनाओं के लिए अधिकृत विश्वविद्यालय वेबसाईट ही मान्य है।
3. परीक्षा फार्म भरने सम्बन्धी समस्या के लिए हेल्पलाइन मोबाईल नं. 8290845992 एवं 8290845986 पर सम्पर्क करें।

(डॉ0 फरबट सिंह)
परीक्षा नियंत्रक